दिनांक 2 मई 2021

अंत्योदय कार्डधारी परिवार के 18 से 44 वर्ष समूह के व्यक्तियों को लग रहा है टीका, सेल्फी पॉइंट पर फोटो लेकर युवा कर रहे हैं अन्य को प्रेरित

भिलाई निगम/ अंत्योदय कार्ड धारी परिवार के 18 से 44 वर्ष के लोगों को टीका लगाया जा रहा है! राशन दुकानों में संपर्क कर अंत्योदय कार्ड वाले परिवार के सदस्यों को टीका लगाने के लिए सूचना देते हुए प्रेरित किया जा रहा है! वही युवाओं में इसको लेकर गजब का उत्साह है , वे अपने सभी परिवार के सदस्यों को लेकर टीकाकरण केंद्र तक पहुंच रहे हैं! अंत्योदय कार्ड धारी अंडा चौक खुर्सीपार एवं वैशाली नगर संस्कृतिक भवन में पहुंचकर अपना टीकाकरण करवा सकते हैं! भिलाई निगम में प्रारंभिक तौर पर दो टीकाकरण केंद्र अंत्योदय कार्ड योजना के लाभार्थियों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है! टीकाकरण के लिए हितग्राही परिवार को अंत्योदय कार्ड एवं स्वयं का आधार कार्ड लाना आवश्यक है , कार्ड धारी परिवार के सभी सदस्य जो 18 से 44 वर्ष के भीतर हैं एक साथ टीकाकरण के लिए आ जाए तो सभी सदस्यों को टीका साथ में लग जाएगा इससे कोरोना संक्रमण की रोकथाम में मदद मिलेगी! अंडा चौक एवं वैशाली नगर सांस्कृतिक भवन के टीकाकरण केंद्र में आज दोपहर तक कई अंत्योदय कार्ड ग्राही परिवार के सदस्यों ने टीका लगवा लिया था! टीकाकरण में पंजीयन के कार्य में सरलीकरण के होने के कारण आसानी से टीका लग रहा है, टीकाकरण केंद्र पहुंचने पर इंतजार की आवश्यकता नहीं पड़ रही है!

अंत्योदय कार्ड धारी परिवार के सदस्य इन केंद्रों में लगवा सकते हैं टीका, लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए भिलाई में बढ़ा केंद्र अंत्योदय कार्ड वाले परिवार के सदस्य जो 18 से 44 वर्ष उम्र समूह के हैं वह वैशाली नगर सांस्कृतिक भवन , अंडा चौक सांस्कृतिक भवन , वार्ड क्रमांक 24 दुर्गा विद्यालय मिलन चौक तथा वार्ड क्रमांक 6 शासकीय उच्चतर विद्यालय सुपेला में पहुंचकर टीकाकरण करवा सकते हैं!